◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

CHHATTISGARH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 15 नवम्बर 2026

कृषि

मन्हाकाल कोयलीबेड़ा में नविन धान उपार्जन केंद्र का शुभारंभ



कोयलीबेड़ा विकास खण्ड के मनहाकाल में नविन धान उपार्जन केंद्र का औपचारिक शुभारंभ किया गया। केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक विक्रम देव उसेन्डी ने किया।

विधायक उसेन्डी ने कहा कि धान विक्रय में किसानों को होने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिये सरकार द्वारा विभिन्न स्थानों पर मांग के अनुरूप उपार्जन केंद्र खोले जा रहे हैं।


कार्यक्रम में कोयलीबेड़ा मंडल अध्यक्ष श्री लच्छू गावड़े, छोटेबोडेली सरपंच श्री केदुराम पोटाई, सरपंच श्री नारद धुर्व, ग्राम गायता पटेल, ग्राम मनहाकाल पटेल बिकेश धुर्व, कोयलीबेड़ा मंडल के कार्यकर्ता, सभी जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे।

उपार्जन केंद्र के संचालन से क्षेत्र के किसानों को धान की बिक्री में सुविधा मिलेगी और बिचौलियों के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं से राहत मिलेगी।

— Laxman singh दर्रो

स्थानीय

बिलासपुर के बस स्टैंड पर नीली XUV 700 का खंभे से टकराव



बिलासपुर के बस स्टैंड में एक दुर्घटना हुई, जिसमें नीली रंग की XUV 700 ने खंभे से टकराव किया।

टकराव के बाद वाहन को खंभे के साथ फँसा देखा गया और वाहन को क्षति पहुँची।

इस टकराव के कारण बस स्टैंड पर अस्थायी व्यवधान उत्पन्न हुआ।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

धान के अवैध भंडारण पर जिला प्रशासन का बड़ा एक्शन, 240 बोरी धान जब्त धान खरीदी शुरू होने से पहले प्रशासन अलर्ट, ग्राम बरवासन में दो अलग-अलग स्थानों पर राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई।



धान के अवैध भंडारण पर जिला प्रशासन का बड़ा एक्शन, 240 बोरी धान जब्त

धान खरीदी शुरू होने से पहले प्रशासन अलर्ट, ग्राम बरवासन में दो अलग-अलग स्थानों पर राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई।

जिला प्रशासन ने धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर रोक लगाने के लिए सख्ती शुरू कर दी है। इसी कड़ी में ग्राम बरवासन में प्रशासन की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग स्थानों से कुल 240 बोरी धान जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार, धान खरीदी का सीजन शुरू होने से पहले अवैध रूप से धान का भंडारण और परिवहन करने वालों पर जिला प्रशासन लगातार नजर बनाए हुए है। इसी के तहत राजस्व, खाद्य एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम बरवासन में जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान दो स्थानों पर धान का भंडारण पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए कुल 240 बोरी धान जब्त किया गया।

प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध रूप से धान का भंडारण करने वालों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने और बिचौलियों पर अंकुश लगाने के लिए निगरानी अभियान लगातार जारी रहेगा।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए हैं कि धान खरीदी से पहले अवैध भंडारण एवं परिवहन के मामलों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

| सच की आवाज, जनता की आवाज।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

स्थानीय

श्री शिशु भवन हॉस्पिटल ने मनाया 16वां स्थापना दिवस, उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का हुआ सम्मान



श्री शिशु भवन हॉस्पिटल, बिलासपुर ने 14 नवंबर 2026 को अपना 16वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया। 14 नवंबर 2010 को बाल दिवस के अवसर पर पद्मश्री डॉ. ए. टी. डाबके एवं डॉ. एस. के. त्रिवेदी के करकमलों से प्रारंभ हुआ यह संस्थान आज 16 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूरी कर चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रवि द्विवेदी एवं डॉ. प्रणव अंधारे, विशिष्ट अतिथि डॉ. रोशन शुक्ला तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मोनिका जायसवाल ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के स्वागत एवं सम्मान के साथ हुआ। इस अवसर पर वरिष्ठ एवं कनिष्ठ चिकित्सकों ने अपने विचार साझा करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

स्थापना दिवस के अवसर पर अस्पताल में भर्ती मरीजों को उपहार पैकेट वितरित किए गए तथा केक काटकर खुशियां मनाई गईं। इसके पश्चात ओपीडी, फार्मेसी, कैजुअल्टी, मिल्क बैंक, आयुष्मान एवं नर्सिंग विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संचालक डॉ. श्रीकांत गिरी एवं डॉ. पल्लवी गिरी के दूरदर्शी नेतृत्व और चिकित्सा सेवा के प्रति समर्पण की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी संस्थान की वास्तविक सफलता उसकी टीम की मेहनत, ईमानदारी और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता में निहित होती है।

कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक नवल वर्मा ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

— शत्रुघन चौधरी, बिलासपुर

स्थानीय

शिवसेना ने आलोचना की राशन कटौती पर, सरकार से मांग की तत्काल सुधार



कांकेर, शिवसेना (यूबीटी) के नेता सम्पत सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर भाजपा सरकार की नई राशन व्यवस्था पर तीखा हमला किया।

सिन्हा के अनुसार, पहले 35 किलो चावल मिलने वाले हितग्राहियों को अचानक 10 किलो तक घटा दिया गया, और अंत्योदय राशन कार्ड से शक्कर का वितरण पूरी तरह बंद कर दिया गया।

इसके अलावा, चना भी कई महीनों से राशन दुकानों से गायब है, जिससे गरीबों का पोषण प्रभावित हुआ है।

सिन्हा ने सरकार से तत्काल चावल की कटौती हटाने और चना व शक्कर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की, अन्यथा शिवसेना गरीबों के हक के लिए सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी।

— Laxman singh दर्रो

बच्चों को दिए सफलता के तीन मंत्र – बड़े सपने देखो, बड़ों का सम्मान करो और अच्छे इंसान बनो : डॉ. सचिन यादव



बच्चों को दिए सफलता के तीन मंत्र – बड़े सपने देखो, बड़ों का सम्मान करो और अच्छे इंसान बनो : डॉ. सचिन यादव

जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में धूमधाम से मना बाल दिवस, रंगारंग प्रस्तुतियों ने मोहा मन

भिलाई बलौदा। जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के चेयरमैन डॉ. सचिन यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को सफलता के तीन महत्वपूर्ण मंत्र देते हुए कहा कि जीवन में हमेशा बड़े सपने देखें, माता-पिता एवं शिक्षकों का सम्मान करें और सबसे महत्वपूर्ण बात एक अच्छे इंसान बनें। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार और बेहतर व्यक्तित्व का निर्माण करना भी है।

संस्था के डायरेक्टर डॉ. गिरिराज गढ़वाल ने बच्चों को चुनौतियों का सामना करने और कभी हार न मानने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के मन में यह विश्वास होना चाहिए कि मैं कर सकता हूं।

वहीं, पीटीए अध्यक्ष श्री नवल किशोर ने कहा कि बेहतर शिक्षा और राष्ट्र निर्माण के लिए विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधन के बीच आपसी सामंजस्य और सहयोग जरूरी है।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नृत्य, नाटक एवं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। बाल दिवस के महत्व पर आधारित विशेष नाटक आकर्षण का केंद्र रहा।

इस अवसर पर असिस्टेंट डायरेक्टर श्रीमती रीना शर्मा, श्री राकेश पाठक, प्राचार्य डॉ. संजय सारंगी सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

उत्साह के बीच हुआ। आयोजन ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने, चुनौतियों का सामना करने और अच्छे संस्कारों के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

अपराध

बिलासपुर में जुआरियों पर पुलिस का बड़ा प्रहार, 11 आरोपी गिरफ्तार



बिलासपुर, छत्तीसगढ़ – पुलिस ने जुआ के खिलाफ एक बड़े प्रहार में 11 आरोपी को गिरफ्तार किया।

ऑपरेशन के दौरान कई स्थानों पर जुआ खेलने वाले समूहों को पकड़ा गया और उनके पास मौजूद जुआ सामग्री जब्त की गई।

गिरफ्तारों को स्थानीय पुलिस स्टेशन में ले जाकर जुआ के लिये भारतीय दंड संहिता के तहत हिरासत में रखा गया।

पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई अवैध जुआ के प्रसार को रोकने और सामाजिक व्यवस्था को सुरक्षित रखने के लिये की गई है।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

होली क्रॉस स्कूल अम्बिकापुर में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, पूर्व उपमुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव रहे मुख्य अतिथि



अम्बिकापुर, सरगुजा | 14 नवंबर 2026

होली क्रॉस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, अंग्रेजी माध्यम, अम्बिकापुर में शनिवार को बाल दिवस बड़े ही उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के स्वागत से हुई। बैंड की धुन के साथ उन्हें सम्मानपूर्वक मंच तक लाया गया तथा सजावटी पौधा भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलन और देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया गया। शिक्षकों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सिस्टर जेस्सी ने स्वागत उद्बोधन दिया। इसके बाद शिक्षकों ने समूह गान और समूह पैरोडी नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत हास्य प्रहसन 'जैसी करनी वैसी भरनी' ने उपस्थित लोगों को खूब हंसाया। वहीं, 'नृत्य एंजिल्स' प्रस्तुति के माध्यम से शिक्षकों ने बच्चों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर पूरे वर्ष 100 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों और वार्षिक क्रीड़ा समारोह के सामूहिक खेलों में विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया।

अपने संबोधन में टी.एस. सिंहदेव ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस तरह सभी उंगलियां समान नहीं होतीं, उसी तरह सभी बच्चे टॉपर नहीं हो सकते। जरूरी यह है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपनी प्रतिभा और क्षमता के अनुसार पूरी मेहनत करे तथा अपने काम में शत-प्रतिशत योगदान दे। उन्होंने कहा कि अपनी प्रतिभा को पहचानकर पूरी लगन से प्रयास करने पर जीवन में सफलता अवश्य मिल सकती है।

कार्यक्रम के अंत में कक्षा 11वीं की छात्रा एवं विद्यालय की उपाध्यक्ष शाम्भवी सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विद्यालय की प्राचार्या ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

Citizen Reporter | Need24 News

— Pankaj sahu

किसानों के हित में साय सरकार का बड़ा फैसला सराहनीय : रामकिशोर सिन्हा



किसानों के हित में साय सरकार का बड़ा फैसला सराहनीय : रामकिशोर सिन्हा

21 क्विंटल धान नहीं बेच पाने वाले पंजीकृत किसानों को भी मिलेगा कृषक उन्नति योजना का लाभ, सरकार के निर्णय से हजारों किसानों को मिलेगी राहत

किसानों की परिस्थितियों को समझकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लिया संवेदनशील निर्णय, भाजपा युवा मोर्चा मंडल महामंत्री रामकिशोर सिन्हा ने जताया आभार।

किसान कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता सराहनीय, किसानों को आर्थिक संबल देने वाला ऐतिहासिक कदम।

दुर्गूकोन्दल / छत्तीसगढ़ की मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सुशासन सरकार द्वारा किसानों के हित में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय प्रदेश के अन्नदाताओं के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत अब ऐसे पंजीकृत किसानों को भी योजना का लाभ देने का प्रावधान किया गया है, जो विभिन्न कारणों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की निर्धारित सीमा के अनुसार अपनी पूरी उपज नहीं बेच पाए हैं। सरकार के इस किसान हितैषी निर्णय का क्षेत्र में स्वागत किया जा रहा है।

इस निर्णय पर दुर्गूकोदल भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा मंडल के महामंत्री रामकिशोर सिन्हा ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं प्रदेश सरकार के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए इसे किसानों के हित में दूरदर्शी, संवेदनशील और सराहनीय पहल बताया है।

श्री सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है और किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। खेती-किसानी पूरी तरह मौसम और प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर रहती है। कभी अल्पवर्षा, कभी अतिवृष्टि, प्राकृतिक आपदा, कीट प्रकोप अथवा अन्य परिस्थितियों के कारण किसानों की फसल प्रभावित हो जाती है। ऐसी स्थिति में अनेक किसान प्रति एकड़ निर्धारित 21 क्विंटल के अनुरूप धान बेचने में असमर्थ रह जाते हैं। इसके चलते उन्हें आर्थिक नुकसान और योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि किसानों की वास्तविक समस्याओं और परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इससे निर्धारित मात्रा से कम धान बेच पाने वाले पात्र पंजीकृत किसानों को भी कृषक उन्नति योजना का लाभ मिल सकेगा। यह फैसला किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ ही उनके मनोबल को बढ़ाने वाला साबित होगा।

रामकिशोर सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों की आय, कृषि विकास और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रही है। किसानों के हितों को प्राथमिकता देना सरकार की सकारात्मक सोच और जनकल्याणकारी दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है।

अंत में श्री सिन्हा ने प्रदेश के समस्त किसान भाइयों एवं बहनों की ओर से मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय तथा छत्तीसगढ़ सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों का सम्मान ही प्रदेश का अभिमान है। किसान खुशहाल होंगे, तभी गांव समृद्ध होंगे और छत्तीसगढ़ विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा।

— Laxman singh दर्रो

साइंस एग्जीबिशन को मिला शानदार प्रतिसाद, बच्चों के इनोवेशन की युवा नेता दीपक नादम ने की सराहना



एपीएम पब्लिक स्कूल की इंटर स्कूल साइंस एग्जीबिशन को मिला शानदार प्रतिसाद, बच्चों के इनोवेशन की युवा नेता दीपक नादम ने की सराहना

बिलासपुर। बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार (इनोवेशन) को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शनिवार को एपीएम पब्लिक स्कूल में इंटर स्कूल साइंस एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी को विद्यार्थियों, अभिभावकों और शहरवासियों का अच्छा प्रतिसाद मिला। बड़ी संख्या में बच्चे और अभिभावक स्कूल पहुंचे तथा विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया।

इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यसमिति सदस्य एवं युवा नेता दीपक नादम भी अपने परिवार के साथ प्रदर्शनी देखने पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनी में लगाए गए एक-एक मॉडल का बारीकी से निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से उनके प्रोजेक्ट की कार्यप्रणाली तथा उसके उद्देश्य के बारे में जानकारी ली। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए वैज्ञानिक प्रयोगों, नए विचारों और रचनात्मक मॉडलों को देखकर उन्होंने विद्यार्थियों की जमकर सराहना की।

दीपक नादम ने कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बेहद जरूरी हैं। साइंस एग्जीबिशन के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने, नए प्रयोग करने और कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है। ऐसे प्रयासों से बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आत्मविश्वास और इनोवेशन की भावना विकसित होती है।

उन्होंने एपीएम पब्लिक स्कूल की आयोजन व्यवस्था, विद्यार्थियों को दिए गए मंच और स्कूल प्रशासन की पहल की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना आज के समय की आवश्यकता है। इस प्रकार की प्रदर्शनियां विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक सराहनीय कदम हैं।शबिलासपुर, छत्तीसगढ़ | संवाददाता – रवि तिवारी

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

धर्म

भानुप्रतापपुर में यादव समाज ने धूमधाम से मनाया गोवर्धन पूजा पर्व



भानुप्रतापपुर में यादव समाज ने धूमधाम से मनाया गोवर्धन पूजा पर्व

मुख्य चौक पर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर निकाली गई नगर भ्रमण यात्रा

भानुप्रतापपुर। नगर में यादव समाज द्वारा गोवर्धन पूजा का पर्व हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य चौक में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। समाज के लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण से सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।

पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा के साथ नगर भ्रमण किया गया। इस दौरान समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे आयोजन में धार्मिक उल्लास और भक्ति का माहौल देखने को मिला। यादव समाज के लोगों ने परंपरा और आस्था के साथ गोवर्धन पूजा पर्व मनाते हुए सामाजिक एकता एवं भाईचारे का संदेश दिया।,,

— Laxman singh दर्रो

पर छठ महापर्व की धूम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



एशिया के सबसे बड़े स्थायी छठ घाट पर छठ महापर्व की धूम, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बिलासपुर। सूर्य उपासना और लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे देश में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। न्यायधानी बिलासपुर के तोरवा स्थित छठ घाट पर भी महापर्व की रौनक देखने को मिल रही है। एशिया के सबसे बड़े स्थायी छठ घाट के रूप में प्रसिद्ध इस घाट पर छठ पूजा को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। पर्व के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है।

छठ महापर्व को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह है। श्रद्धालु भगवान सूर्यदेव और छठी मैया की आराधना कर परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। घाट पर उमड़ रही भीड़ से पर्व की भव्यता और आस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है।

इस पावन अवसर पर डीपी विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.एस. तंबोली ने प्रदेशवासियों एवं शहरवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कामना की कि छठी मैया सभी के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आएं।

छठ महापर्व भारतीय संस्कृति, प्रकृति के प्रति सम्मान, अनुशासन और लोक आस्था का प्रतीक है। बिलासपुर के छठ घाट पर श्रद्धालुओं की भागीदारी से पर्व की रौनक और भी बढ़ गई है।

संवाददाता – रवि तिवारी

लोकेशन – बिलासपुर, छत्तीसगढ़

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत सिरगिट्टी में जन चौपाल, लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प



वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत सिरगिट्टी में जन चौपाल, लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प

बिलासपुर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी बिलासपुर के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी तिफरा के अंतर्गत सिरगिट्टी मंडल में वोट बचाओ–देश बचाओ अभियान के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में शामिल होकर लोकतंत्र, संविधान और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के मुद्दे पर विचार रखे।

जन चौपाल में मतदाता सूची में कथित गड़बड़ियों, वोट चोरी के आरोपों, चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता तथा लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर चिंता जताई गई। कांग्रेस नेताओं ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और चुनाव आयोग की भूमिका पर सवाल उठाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की आवश्यकता बताई।

ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू ने कहा कि लोकतंत्र में जनता का वोट सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष एवं स्वतंत्र मतदान का अधिकार मिलना चाहिए। वोट की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना सभी की जिम्मेदारी है।

मंडल अध्यक्ष अजय मनहरे ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और वार्ड-वार्ड पहुंचकर लोगों को जागरूक करने तथा मतदाता सूची में अपना नाम जांचने की अपील की।

पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, शहनवाज खान, पुष्पेंद्र साहू, पवन साहू, राकेश यादव, महेश ठाकुर, अमित यादव, सुनील पांडेय, गोविंद यादव, नागेश ध्रुव सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समापन पर अभियान को लगातार जारी रखने का संकल्प लिया गया।


संवाददाता – रवि तिवारी

लोकेशन – बिलासपुर, छत्तीसगढ़

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

राजनीति

गौरेला पेंड्रा मरवाही में कांग्रेस ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ' जनचौपाल का आयोजन



गौरेला पेंड्रा मरवाही के मुरमर ग्राम पंचायत में कांग्रेस मंडल अध्यक्ष स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के तहत जनचौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ कांग्रेस आदिवासी प्रभारी श्रीमती जरीता लाइट, कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती गजमती भानु, मरवाही के पूर्व विधायक के.के. ध्रुव, अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष एवं समन्वयक प्रभारी श्रीमती अर्चना पोर्ते, मंडल अध्यक्ष तेजकुंवर पैकरा, सांसद प्रतिनिधि संतोष भैयालाल, रामरतन पेंद्रो एवं वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य भारत यादव सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

जनचौपाल के माध्यम से लोकतंत्र की मजबूती, मताधिकार की रक्षा और निष्पक्ष चुनाव की आवश्यकता पर चर्चा की गई। उपस्थित नेताओं ने अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने तथा आम नागरिकों को जागरूक करने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई।

— देवान सिंह मराबी

देश

कभी लाल आतंक के साये में रहा माचपल्ली, अब किसानों तक पहुंच रही सरकार की योजनाओं की जानकारी...!



कभी लाल आतंक के साये में रहा माचपल्ली, अब किसानों तक पहुंच रही सरकार की योजनाओं की जानकारी...!

पंखाजूर /सुदूर वनांचल के गांव में पहुंचे भाजपा किसान मोर्चा के जिला सह मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुलदीप, कृषक उन्नति योजना के तहत ₹13,839 प्रति एकड़ आदान सहायता की दी जानकारी*

कभी लाल आतंक के साये में रहने वाले सुदूर वनांचल क्षेत्र में अब शासन की योजनाओं और विकास की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने की पहल की जा रही है। संगम और छोटे बेठिया के बीच स्थित ग्राम पंचायत माचपल्ली में भाजपा किसान मोर्चा के जिला सह मीडिया प्रभारी लक्ष्मण कुलदीप ने पहुंचकर किसानों को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दी जा रही किसान हितैषी सौगातों की जानकारी दी।

इस दौरान उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की सुशासन सरकार अन्नदाताओं के सम्मान और खेती की लागत में राहत देने के लिए प्रतिबद्ध है। कृषक उन्नति योजना के तहत पात्र किसानों को अब ₹13,839 प्रति एकड़ की आदान सहायता मिलेगी। योजना की विशेषता बताते हुए उन्होंने कहा कि यदि किसान 21 क्विंटल प्रति एकड़ से कम धान की बिक्री करते हैं, तब भी सत्यापित बोए गए रकबे के आधार पर मिलने वाली सहायता राशि में कोई

जानकारी देते हुए कहा कि सरकार का उद्देश्य किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करना और उनकी मेहनत का सम्मान करना है। उन्होंने ग्रामीण किसानों से शासन की योजनाओं की जानकारी रखने तथा पात्रतानुसार उनका लाभ लेने की अपील की।

गौरतलब है कि कभी नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में पहचाने जाने वाले इस दूरस्थ गांव तक पहुंचकर किसानों के बीच योजनाओं की जानकारी साझा करना ग्रामीण स्तर पर जनजागरूकता की पहल है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्रामवासी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस अवसर पर किसानों ने भी सरकार की योजनाओं को लेकर अपनी जानकारी और विचार साझा किए।

किसानों का सम्मान और अन्नदाताओं की समृद्धि ही सुशासन सरकार की प्राथमिकता है।,,,,,,,,

— Laxman singh दर्रो

एसएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बाल मेले और प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



एसएस पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बाल मेले और प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

लोकेशन – बिलासपुर, छत्तीसगढ़।

संवाददाता – रवि तिवारी।

बिलासपुर। देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती 14 नवंबर को पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाई जाती है। इसी अवसर पर बिलासपुर शहर सहित आसपास के विभिन्न स्कूलों में बाल दिवस हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूलों में बच्चों के लिए विविध सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

इसी कड़ी में मोपका स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में आकर्षक बाल मेले का आयोजन किया गया। मेले में बच्चों ने स्वयं अलग-अलग व्यंजनों के स्टॉल लगाए। इन स्टॉलों पर चाट सहित छत्तीसगढ़ के पारंपरिक व्यंजनों को विशेष रूप से शामिल किया गया। बच्चों ने न केवल व्यंजन तैयार करने और उन्हें सजाने में रुचि दिखाई, बल्कि ग्राहकों को अपने हाथों से तैयार किए गए व्यंजनों का विक्रय भी किया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।


वहीं, स्कूल परिसर में वेस्ट मटेरियल यानी अनुपयोगी वस्तुओं से तैयार किए गए आकर्षक मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक सोच और हुनर का परिचय देते हुए बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं से उपयोगी एवं सुंदर मॉडल तैयार किए।

स्कूल संचालक ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को आत्मनिर्भर बनाना, उनमें व्यापारिक समझ विकसित करना और रचनात्मकता को बढ़ावा देना है। साथ ही बच्चों को यह सिखाना है कि अनुपयोगी वस्तुओं का भी सही तरीके से इस्तेमाल कर उपयोगी चीजें बनाई जा सकती हैं।

बाल मेले और प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों को सीखने, समझने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला। पूरे आयोजन में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी और उत्साह आकर्षण का केंद्र रहा।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

नेहरू चौक के पास आग लगी, फायर ब्रिगेड ने किया नियंत्रण



नेहरू चौक के पास में आग लगी, जिससे आसपास के निवासियों को असुविधा हुई।


स्थानीय फायर ब्रिगेड ने तुरंत मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण करने की कार्रवाई शुरू की।

आग के कारण की currently जांच चल रही है और आगे की जानकारी मिलने पर अपडेट दिया जाएगा।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

स्थानीय

पावर हाउस चौक में पाइपलाइन फूटने से लंबा यातायात जाम



पावर हाउस चौक में आज सुबह पानी की मुख्य पाइपलाइन फूट गई, जिससे बड़ी मात्रा में पानी सड़क पर बह गया।

फूटने के तुरंत बाद सड़क पर गहरा जलभराव हुआ और कई वाहन आगे नहीं बढ़ पाए, जिससे लंबा यातायात जाम बन गया। स्थानीय यात्रियों को कई किलोमीटर तक रुकना पड़ा।

स्थानीय प्रशासन ने आपातकालीन टीम को बुलाकर पाइपलाइन की मरम्मत कार्य शुरू किया और प्रभावित मार्ग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया। अधिकारियों ने यात्रियों से वैकल्पिक मार्ग उपयोग करने और पुलिस के निर्देशों का पालन करने की अपील की।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

अपराध

चोरी की वारदात पर पुलिस ने किया बड़ा एक्शन



एक चोरी की वारदात की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने तुरंत कार्रवाई शुरू की।

पुलिस ने मौके पर विस्तृत जांच की और संभावित संदिग्धों की पहचान करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का उपयोग किया।

जांच के परिणामस्वरूप, पुलिस ने बड़े पैमाने पर एक्शन लेकर अपराधियों को हिरासत में लिया और चोरी की वस्तुओं की बरामदगी सुनिश्चित की।

इस कार्रवाई से स्थानीय जनता में सुरक्षा के प्रति भरोसा बढ़ा है और पुलिस की तत्परता की सराहना की जा रही है।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

कोतवाली और सिरगिट्टी थाना क्षेत्रों में महुआ व देशी शराब के साथ आरोपी की गिरफ्तारी



पुलिस ने कोतवाली और सिरगिट्टी थाना क्षेत्रों में एक बड़े नशीले पदार्थ के तस्करी मामले में कार्रवाई की, जिसमें महुआ व देशी शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान स्थानीय निवासियों की सूचना पर बलगाड़ी तैनात की गई और संदिग्ध के घर व शराब के भंडार की तलाशी ली गई। तलाशी में बड़ी मात्रा में महुआ और देशी शराब मिली।


गिरफ्तार आरोपी को स्थानीय थाने में हिरासत में ले जाकर आगे की जांच जारी रखी जाएगी। पुलिस ने कहा कि इस प्रकार की तस्करी को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाएगी।

इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

धर्म

बिलासपुर में 13 नवंबर को भव्य आतिशबाज़ी और अरपा मैया की महा आरती के साथ छठ पूजा



13 नवंबर 2026 को बिलासपुर में छठ पूजा के पावन अवसर पर शाम 6 बजे भव्य आतिशबाज़ी और अरपा मैया की महा आरती का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में शहर के विभिन्न हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया और आरती के साथ सूर्यास्त को अर्घ्य देने की परम्परा का पालन किया।

आतिशबाज़ी के चमकते रंगों ने शाम को रोशन किया और उपस्थित जनसमुदाय में उत्सव का माहौल व्याप्त हो गया।

यह आयोजन स्थानीय प्रशासन और धार्मिक संगठनों के सहयोग से संपन्न हुआ, जिससे छठ पूजा की आध्यात्मिक भावना और सांस्कृतिक धरोहर को सुदृढ़ किया गया।

— Santosh Kumar Peswani, बिलासपुर

स्कूलों में बाल दिवस की धूम रही, चिल्ड्रन वैली स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम



लोकेशन बिलासपुर छत्तीसगढ़ संवाददाता रवि तिवारी

स्कूलों में बाल दिवस की धूम रही, चिल्ड्रन वैली स्कूल में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी बाल दिवस पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जिसमें नृत्य गीत का आयोजन हुआ इस दौरान अच्छा प्रदर्शन करने वाले बच्चों को उपहार भी दिया गया स्कूल की संचालिका अंकिता तिवारी दीवान ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बाल दिवस मनाया जा रहा है उन्होंने शहर वासियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और कहां सभी अपने अंदर के बच्चों को जगाएं और एंजॉय करें बच्चे ही देश का भविष्य है इसलिए हर साल बाल दिवस को याद कर नेहरू जी की योगदान को याद किया जाता है, इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने उत्साह दिखाया और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया इस दौरान बड़ी संख्या में बच्चे अभिभावक और स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर

धर्म

शंकर घाट, महामाया घाट और शिवधारी कॉलोनी छठ घाट पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश।



रायपुर/अंबिकापुर। छठ महापर्व को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर शहर के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

मंत्री राजेश अग्रवाल ने शंकर घाट, महामाया घाट एवं गोधनपुर स्थित शिवधारी कॉलोनी छठ घाट पहुंचकर साफ-सफाई, सुरक्षा, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ महापर्व से पहले सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएं, ताकि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

मंत्री ने विशेष रूप से घाटों की स्वच्छता, पर्याप्त रोशनी, सुरक्षित आवागमन और श्रद्धालुओं की सुविधा पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व लोक आस्था, श्रद्धा और हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।

उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ सभी तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालु स्वच्छ, सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में भगवान सूर्य और छठी मैया की पूजा-अर्चना कर सकें।

मंत्री राजेश अग्रवाल ने प्रदेशवासियों को छठ महापर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सभी के जीवन मेंसुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

— ADITYA YADAV

खेल

गौरेला-पेंड़ा-मरवाही में 26वीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ



13 नवंबर 2026 को गौरेला-पेंड़ा-मरवाही जिले में 26वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ हुआ। 26 जिलों की 364 बालिका खिलाड़ी इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेंगी।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि गणमान्य नागरिक श्री राकेश चतुर्वेदी उपस्थित रहे। साथ ही पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष श्री इकबाल सरदार, जिला कबड्डी संघ के प्रतिनिधि, नगर पालिका परिषद पेंडा के अध्यक्ष श्री राकेश जलान, श्री मनीष श्रीवास, जिला खेल अधिकारी श्रीमती सीमा डेविड तथा अन्य खेल प्रेमी और आयोजन समिति के सदस्य भी मौजूद रहे।

अपना खेल प्रतिभा, कौशल, फुर्ती और टीम भावना प्रदर्शित करने का मंच मिलेगा और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास, शारीरिक दक्षता, नेतृत्व क्षमता तथा सामूहिक समन्वय को बढ़ावा मिलेगा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी। वे 24 नवंबर को पंजाब के फरीदकोट स्थित नेहरू स्टेडियम में आयोजित राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

राज्य स्तरीय इस आयोजन से जिले में खेल गतिविधियों को नई ऊर्जा मिली है और ग्रामीण-शहरी दोनों क्षेत्रों की बालिका खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

— देवान सिंह मराबी

कृषि

कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता : लच्छू राम गावड़े



कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता : लच्छू राम गावड़े

कोयलीबेड़ा / कांकेर। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान उत्पादक किसानों को प्रति एकड़ 13,839 रुपये की आदान सहायता (Input Assistance) दिए जाने का निर्णय अत्यंत स्वागतयोग्य और उत्साहजनक है। कोयलीबेड़ा भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि इस ऐतिहासिक फैसले से प्रदेश के अन्नदाताओं का सम्मान करने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि इस आर्थिक सहायता से किसानों को खेती-किसानी की लागत कम करने, कृषि संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने तथा अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत बनाने में बड़ी मदद मिलेगी। विशेष रूप से बस्तर संभाग के आदिवासी एवं वनांचल क्षेत्रों के किसानों के लिए यह निर्णय काफी लाभकारी साबित होगा।

गावड़े ने बताया कि पूर्व में प्राकृतिक परिस्थितियों और कम उत्पादन के कारण वनांचल के किसान कई बार निर्धारित मात्रा में धान नहीं बेच पाते थे, जिससे उन्हें नुकसान उठाना पड़ता था। लेकिन अब सत्यापित धान रकबे के आधार पर सीधे प्रति एकड़ सहायता राशि मिलने से क्षेत्र के छोटे और सीमांत किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

अंत में उन्होंने अपील करते हुए कहा, "मैं क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से योजना का शत-प्रतिशत लाभ उन्हें मिल सके।",,,

— Laxman singh दर्रो

बिलासपुर की बदहाल व्यवस्था पर नागरिकों का फूटा आक्रोश, डीके राय ने शासन-प्रशासन और निगम को ठहराया जिम्मेदार



बिलासपुर की बदहाल व्यवस्था पर नागरिकों का फूटा आक्रोश, डीके राय ने शासन-प्रशासन और निगम को ठहराया जिम्मेदार

सड़क की बदहाली, उड़ती धूल, बिगड़ता ट्रैफिक और अरपा नदी में गंदगी से परेशान नागरिकों ने उठाए सवाल

बिलासपुर। शहर की बदहाल व्यवस्था को लेकर अब आम नागरिकों का आक्रोश खुलकर सामने आने लगा है। अशोकनगर निवासी जागरूक नागरिक डीके राय ने शहर की समस्याओं को लेकर शासन-प्रशासन और नगर निगम के प्रति नाराजगी जाहिर करते हुए व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की है।

शहर की सड़कों की हालत खराब है। सड़कों पर उड़ती धूल लोगों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन रही है। अव्यवस्थित ट्रैफिक के कारण आए दिन लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, अरपा नदी में कचरे का अंबार और नालियों का गंदा पानी मिलने से नदी प्रदूषित हो रही है।

की व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी शासन और नगर निगम की है, तो फिर इन समस्याओं का खामियाजा आम जनता क्यों भुगते? उड़ती धूल से दमा और अस्थमा के मरीजों को परेशानी हो रही है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि प्रदूषण और बदहाल व्यवस्था के कारण लोग बीमार हो रहे हैं, तो इसकी जिम्मेदारी तय कर संबंधित विभागों पर जुर्माना लगाया जाना चाहिए।

खराब सड़कों के कारण दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ठेकेदारी व्यवस्था पर नियंत्रण लगाने और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की निगरानी करने की मांग भी की।

उपलब्धियों का दावा करने के बजाय जमीनी स्तर पर काम करना चाहिए। जनता कचरे, गंदगी, प्रदूषण और अव्यवस्था से परेशान है, जबकि जिम्मेदार विभाग केवल वाहवाही लूटने में लगे हैं।

निगम से आग्रह किया कि शहर की सड़कों, ट्रैफिक, सफाई और अरपा नदी की स्थिति में तत्काल सुधार किया जाए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके।

— Ravindra Prakash Tiwari, बिलासपुर